an>

Title:Need to set up co-operative banks in Morena Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

श्री अनूप मिश्रा (मुरैना): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे संसदीय क्षेत्र से संबंधित मुद्दे को उठाने की आज्ञा दी है, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं, शुक्रिया करता हूं। सहकार देश का, संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है। सहकार के माध्यम से भारत की संस्कृति चली है। इसी के अंतर्गत सहकारी बैंकों की शुरुआत हुई। सहकारी शुगर मिल के माध्यम से भी इनकी शुरुआत हुई। मध्य प्रदेश में बहुत से नए जिले बने हैं लेकिन इन जिलों में नए सहकारी बैंक नहीं बने हैं। किसान 70 से 80 परसेंट खेती या खेती से जुड़े कामों में लगे हैं, उन्हें बार-बार 200-250 किलोमीटर की दूरी पर जिला मुख्यालय तक जाने के लिए दिक्कत आती है। सोसाइटियों के माध्यम से गांव में खाद और बीज मिलते हैं। मेरे लोकसभा क्षेत्र में दो जिले हैं। मुरैना में जिला सहकारी बैंक पहले से था। श्योपुर नया जिला बना। इसे बने 15 साल हो गए हैं। यहां से बार-बार प्रस्ताव आता है लेकिन यहां से यह कह दिया जाता है कि अभी नए जिला सहकारी बैंक नहीं खोले जा रहे हैं। इस कारण यहां की जनता का बहुत नुकसान हो रहा है।

मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि श्योपुर जिले और अन्य नए जिले, जहां सहकारी बैंक नहीं खुल पाए हैं, यहां पर स्पेशल परमिशन देकर सहकारी बैंक खोलने की कृपा करें।

माननीय अध्यक्ष:

श्री पी.पी. चौधरी और

श्री प्रहलाद सिंह पटेल को श्री अनूप मिश्रा द्वारा उठाए गए विÂाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।